Maharshi Dayanand University Rohtak

21h ·

एमडीयू में कार्यस्थल पर संचार कौशल पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

प्रभावी संवाद कार्य कुशलता की कुंजी: प्रो. रणदीप राणा

रोहतक, 19 अगस्त। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज द्वारा आज 'कम्युनिकेशन स्किल्स एट वर्कप्लेस' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल पर प्रभावी संचार के महत्व को रेखांकित करना और कर्मचारियों में संवाद क्षमताओं को निखारना रहा।

अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रो. रणदीप राणा ने बतौर की-नोट स्पीकर कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा, "कार्यस्थल पर संवाद केवल सूचना का आदान-प्रदान नहीं होता, बल्कि यह आपसी विश्वास, स्पष्टता और सकारात्मक वातावरण की नींव रखता है।" उन्होंने बताया कि प्रभावी कम्यूनिकेशन में भाषा की शुद्धता, श्रोता की मनोवृत्ति को समझना, बॉडी लैंग्वेज, तथा फीडबैक जैसी चीजें अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

प्रो. रणदीप राणा ने उदाहरणों के माध्यम से यह भी स्पष्ट किया कि कई बार अच्छा विचार सिर्फ इसलिए अस्वीकार हो जाता है क्योंकि उसे प्रभावी ढंग से प्रस्तुत नहीं किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को सक्रिय सुनने, सहानुभूतिपूर्ण उत्तर देने और व्यावसायिक ईमेल लेखन जैसे व्यवहारिक पहलुओं पर भी मार्गदर्शन दिया।

एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज के कोऑर्डिनेटर डॉ. अनार सिंह ढुल ने प्रारंभ में स्वागत भाषण देते हुए कहा कि वर्तमान प्रशासनिक एवं शैक्षणिक परिवेश में प्रभावी संवाद न केवल कार्यक्षमता बढ़ाता है, बल्कि टीम भावना, समन्वय और संस्थागत विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

प्रशिक्षण सत्र के अंत में सहायक समन्वयक नितिन सिवाच ने आभार जताया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से जुड़े अधिकारी, कर्मचारी और प्रशासकीय स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

O-312-10,000

# MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY ROHTAK

## Public Relations Office

Name of the Publication ........ रोहतक केसरी (पंजाब केसरी) ........

Date 20/8/25 ........ Page ........ II ........ Column ........ 5-6 ........

Subject ........ प्रभावी संवाद कार्य कुशलता की कुंजी : प्रो रणदीप राणा

## प्रभावी संवाद कार्य कुशलता की कुंजी : प्रो. रणदीप राणा



*कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।*

रोहतक, 19 अगस्त (ब्यूरो): महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज द्वारा मंगलवार को 'कम्युनिकेशन स्किल्स एट वर्कप्लेस' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य कार्यस्थल पर प्रभावी संचार के महत्व को रेखांकित करना रहा। अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रो. रणदीप राणा ने बतौर की-नोट स्पीकर कार्यक्रम में शिरकत की।

उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर संवाद केवल सूचना का आदान-प्रदान नहीं होता, बल्कि यह आपसी विश्वास, स्पष्टता और सकारात्मक वातावरण की नींव रखता है। उन्होंने बताया कि प्रभावी कम्यूनिकेशन में भाषा की शुद्धता, श्रोता की मनोवृत्ति को समझना, बॉडी लैंग्वेज तथा फीडबैक जैसी चीजें अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

प्रो. रणदीप राणा ने उदाहरणों के माध्यम से यह भी स्पष्ट किया कि कई बार अच्छा विचार सिर्फ इसलिए अस्वीकार हो जाता है क्योंकि उसे प्रभावी ढंग से प्रस्तुत नहीं किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को सक्रिय सुनने, सहानुभूतिपूर्ण उत्तर देने और व्यावसायिक ई-मेल लेखन जैसे व्यवहारिक पहलुओं पर भी मार्गदर्शन दिया।

एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज के कोऑर्डिनेटर डॉ. अनार सिंह ढुल ने कहा कि वर्तमान प्रशासनिक एवं शैक्षणिक परिवेश में प्रभावी संवाद न केवल कार्यक्षमता बढ़ाता है, बल्कि टीम भावना, समन्वय और संस्थागत विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

O-312-10,000

# MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY ROHTAK

## Public Relations Office

Name of the Publication रोहतक भूमि (हरिभूमि)

Date 20/8/25 Page 12 Column 1-3

Subject प्रभावी संवाद कार्य कुशलता की कुंजी: प्रो. राणा

# प्रभावी संवाद कार्य कुशलता की कुंजी: प्रो. राणा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



रोहतक। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रो. रणदीप राणा।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज द्वारा 'कम्युनिकेशन स्किल्स एट वर्कप्लेस' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल पर प्रभावी संचार के महत्व को रेखांकित करना और कर्मचारियों में संवाद क्षमताओं को निखारना रहा। अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रो. रणदीप राणा ने बतौर की-नोट स्पीकर कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यस्थल पर संवाद केवल सूचना का आदान-प्रदान नहीं होता, बल्कि यह आपसी विश्वास, स्पष्टता और सकारात्मक वातावरण की नींव रखता है। उन्होंने बताया कि प्रभावी कम्यूनिकेशन में भाषा की शुद्धता, श्रोता की मनोवृत्ति को समझना, बॉडी लैंग्वेज, तथा फीडबैक जैसी चीजें अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। प्रो. रणदीप राणा ने उदाहरणों के माध्यम से यह भी स्पष्ट किया कि कई बार अच्छा विचार सिर्फ इसलिए अस्वीकार हो जाता है क्योंकि उसे प्रभावी ढंग से प्रस्तुत नहीं किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को सक्रिय सुनने, सहानुभूतिपूर्ण उत्तर देने और व्यावसायिक ईमेल लेखन जैसे व्यवहारिक पहलुओं पर भी मार्गदर्शन दिया। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज के कोऑर्डिनेटर डॉ. अनार सिंह ढुल ने कहा कि वर्तमान प्रशासनिक एवं शैक्षणिक परिवेश में प्रभावी संवाद न केवल कार्यक्षमता बढ़ाता है, बल्कि टीम भावना, समन्वय और संस्थागत विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

O-312-10,000

**MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY ROHTAK**

**Public Relations Office**

Name of the Publication ........ रोहतक जागरण (दैनिक जागरण)

Date 20/8/25 ........ Page ....IV.... Column....2-3....

Subject ....प्रभावी संवाद कार्य कुशलता की कुंजी : प्रो. रणदीप राणा

# प्रभावी संवाद कार्य कुशलता की कुंजी : प्रो. रणदीप राणा



एमडीयू में कर्मचारियों व अधिकारियों को संबोधित करते अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रो. रणदीप राणा • सौ. प्रवक्ता

जागरण संवाददाता • रोहतक : महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज की ओर से कम्युनिकेशन स्किल्स एट वर्कप्लेस विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल पर प्रभावी संचार के महत्व को रेखांकित करना और कर्मचारियों में संवाद क्षमताओं को निखारना रहा। अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रो. रणदीप राणा ने बतौर की-नोट स्पीकर कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यस्थल पर संवाद केवल सूचना का आदान-प्रदान नहीं होता, बल्कि यह आपसी विश्वास, स्पष्टता और सकारात्मक वातावरण की नींव रखता है। प्रभावी कम्यूनिकेशन में भाषा की शुद्धता, श्रोता की मनोवृत्ति को समझना, बॉडी लैंग्वेज, तथा फीडबैक जैसी चीजें अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। प्रो. रणदीप राणा ने उदाहरणों के माध्यम से यह भी स्पष्ट किया कि कई बार अच्छा विचार सिर्फ इसलिए अस्वीकार हो जाता है क्योंकि उसे प्रभावी ढंग से प्रस्तुत नहीं किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को सक्रिय सुनने, सहानुभूतिपूर्ण उत्तर देने और व्यावसायिक ईमेल लेखन जैसे व्यवहारिक पहलुओं पर भी मार्गदर्शन

O-312-10,000

MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication: Haryana Tribune

Date: 20/8/25 Page: 2 Column: 3-6

Subject: Communication key to work efficiency: Expert

# Communication key to work efficiency: Expert

TRIBUNE NEWS SERVICE

ROHTAK, AUGUST 19

Administrative Staff College of Maharshi Dayanand University (MDU) today organised a one-day training programme on the topic of 'Communication Skills at Workplace'. The objective of the programme was to underline the importance of effective communication at the workplace and to enhance communication skills among employees.

As a key-note speaker, Prof Randeep Rana, head of the Department of English and Foreign Languages, addressed the participants.

"Communication at the workplace is not just an exchange of information, but it lays the foundation of mutual trust, clarity and positive environment. Things like correctness of language, understanding the attitude of the listener, body language and feedback are very important in effective communication," he added.

Rana also clarified through examples that sometimes, a good idea gets rejected just because it is not presented effectively. He also guided the participants on practical aspects like active listening, empathetic responses and professional email writing.

Dr Anar Singh Dhul, Coordinator, Administrative Staff College, said that in the current administrative and educational environment, effective communication not only increases efficiency, but also plays an important role in team spirit, coordination and institutional development.

At the end of the training session, Assistant Coordinator Nitin Siwach gave the vote of thanks. Officers, employees and administrative staff from various departments/branches participated in the programme.

O-312-10,000

# MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY ROHTAK

**Public Relations Office**

Name of the Publication: अमर उजाला रोहतक

Date: 20/8/25 Page: 4 Column: 3-4

Subject: प्रभावी संवाद कार्य कुशलता की कुंजी : प्रो. रणदीप राणा

# प्रभावी संवाद कार्य कुशलता की कुंजी : प्रो. रणदीप राणा

रोहतक। प्रभावी संवाद कार्य कुशलता की कुंजी है। यह बात अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रो. रणदीप राणा ने मंगलवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटिव स्टॉफ कॉलेज की ओर से कम्युनिकेशन स्किल्स एट वर्क प्लेस विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में कही।

राणा ने कहा कि कार्य स्थल पर संवाद से केवल सूचना का आदान-प्रदान नहीं होता बल्कि यह आपसी विश्वास, स्पष्टता और सकारात्मक वातावरण की नींव रखता है। प्रभावी कम्युनिकेशन में भाषा की शुद्धता, श्रोता की मनोवृत्ति को समझना, बॉडी लैंग्वेज, तथा फीडबैक जैसी चीजें अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज के को-ऑर्डिनेटर डॉ. अनार सिंह ढुल ने कहा कि वर्तमान प्रशासनिक एवं शैक्षणिक परिवेश में प्रभावी संवाद न केवल कार्य क्षमता बढ़ाता है बल्कि टीम भावना, समन्वय और संस्थागत विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संवाद



एमडीयू में प्रशिक्षण के दौरान संबोधित करते अंग्रेजी व विदेशी भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रो. रणदीप राणा। स्रोत : एमडीयू


MAHARSHI DAYAN
(A State University established und
'A+' Grade University
Training session
'COMMUNICATIO
AT WORKP
Keynote Spea
Prof. Randeep S
Head, Department of English
MDU Roht
ADMINISTRATIVE STAFF


















Bisleri



